तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **डी.आर. मेघवाल बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अपील संख्या 122/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.06.22	अपीलार्थी डी.आर. मेघवाल पुत्र प्रेमाराम निवासी गांव सरेचां, बस स्टैण्ड के पास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 28.02.2022 में उसके द्वारा दिनांक 02.02.2022 को प्रार्थना पत्र बाबत न्यायालय अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर में विचाराधीन रा.अ. 10/2022 देवाराम बनाम श्यामलाल वगैरा में पारित आदेश दिनांक 31.01.2022 की पालना करने हेतु तहसीलदार, लूणी को प्रेषित किया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में माननीय न्यायालय के आदेश पालनार्थ की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण पत्रावली से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:21:51 IST
Reason: SelfAttested